लोकसभा अध्यक्ष ने भारतीय महिला हॉकी टीम के हौंसले और प्रदर्शन की सराहना की

...

नई दिल्ली, 04 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने टोक्यो ओलंपिक, 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम के हौंसले और प्रदर्शन की सराहना की है। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और अंत तक खेल भावना के साथ संघर्ष किया जिसके लिए पूरी टीम प्रशंसा की पात्र हैं। श्री बिरला ने यह भी कहा कि जीत और हार खेल का एक हिस्सा है और उन्होंने टीम को अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं।